आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 29.01.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने 34 हजार करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी दी।
- कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में 'सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल' पर आधारित उत्तराखंड की झांकी को देश में तीसरा स्थान मिला।
- प्रयागराज महाकुंभ में लगे उत्तराखंड पवेलियन में प्रदेश के विभिन्न स्टॉल, श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।
- चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जिले के सबसे दूरस्थ गांव डुमक–कलगोठ में प्रस्तावित नए सड़क सर्वेक्षण कार्यों का निरीक्षण किया।

केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्र सरकार ने 34 हजार करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी दी है। यह निर्णय हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक, महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों के लिए एक लचीली मूल्य श्रृंखला बनाने के लिए लिया गया है। आज नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये खनिज प्रौद्योगिकियां कृषि, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस, परमाणु और अन्य क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण हैं।
केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गन्ना फीडस्टॉक से इथेनॉल खरीद की कीमत को भी मंजूरी दे दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि इथेनॉल मिश्रण ने देश की अर्थव्यवस्था में मदद की है, जिसके परिणामस्वरूप एक लाख तेरह हजार करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से किसानों को भी लाभ हुआ है।

तीसरा स्थान

कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में 'सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल' पर आधारित उत्तराखंड की झांकी को देश में तीसरा स्थान मिला है। वहीं, गुजरात की झांकी को पहला और उत्तर प्रदेश की झांकी को दूसरा स्थान मिला है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड की झांकी को तीसरा स्थान मिलने पर प्रदेशवासियों और इसमें भाग लेने वाले सभी कलाकारों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की झांकी में समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और यहां के साहसिक खेलों को बखूबी प्रस्तुत किया गया। उत्तराखंड की झांकी में राज्य से 16 कलाकारों ने भाग लिया। झांकी में उत्तराखण्ड की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को दर्शाती प्रसिद्ध ऐपण कला, उत्तराखण्ड के साहसिक खेलों और साहसिक पर्यटन को चित्रित किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज देहरादून में स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें रायपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 30 शैय्यायुक्त चिकित्सालय में उच्चीकारण कार्य का शिलान्यास, जिला चिकित्सालय कोरोनेशन में रक्तकोष भवन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी आवासीय भवन का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि अब गांधी शताब्दी अस्पताल में सप्ताहभर बच्चों का टीकाकरण नियमित रूप से होगा।

उत्तरकाशी भूकम्प

उत्तरकाशी में आज अपराह्न 3 बजकर 28 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता 2 दशमलव 8 मापी गई। भूकंप का केंद्र उत्तरकाशी से उत्तर दिशा में 10 किलोमीटर दूर बताया जा रहा है। जिला आपदा परिचालन केंद्र के अनुसार भूकंप से कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

उत्तराखंड पवेलियन

प्रयागराज महाकुंभ में लगे उत्तराखंड पवेलियन में प्रदेश के विभिन्न स्टॉल, श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने आज प्रयागराज महाकुंभ में उत्तराखंड पवेलियन पहुंचकर इन स्टॉलों का निरिक्षण किया। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड पवेलियन में लगे प्रदेश के विभिन्न स्टॉलों में अब तक सात लाख से भी अधिक लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चुके हैं। श्री महाराज ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय ब्रांड ''हाउस ऑफ हिमालयाज़'' के स्टॉल पर बहुत से उत्पाद रखे गए हैं, जिन्हें बड़ी संख्या में लोग पसंद कर रहे हैं।

जिलाधिकारी चमोली

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने करीब आठ किलोमीटर पैदल चलकर जिले के सबसे दूरस्थ गांव डुमक–कलगोठ पहुंचकर प्रस्तावित नए सड़क सर्वेक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण की कार्रवाई तेजी से पूरी करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने डुमक–कलगोठ गांव में बुनियादी सुविधाओं और विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण भी किया और स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत डुमक–कलगोठ मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे है।

मौनी अमावस्या

मौनी अमावस्या पर आज हरिद्वार की हर की पैड़ी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर दान पुण्य किया। तीर्थ पुरोहित पंडित जितेंद्र शास्त्री के अनुसार मौनी अमावस्या पर स्नान पितरों की शांति के लिए और घर में सुख समृद्धि के लिए किया जाता है। आज के दिन स्नान के साथ–साथ दान आदि करने का भी विशेष महत्व है।

वनाग्नि मॉक ड्रिल

पौड़ी जिले में जंगलों को वनाग्नि से बचाने के लिए वन विभाग ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत पौड़ी–कोटद्वार मोटर मार्ग पर घोड़ीखाल के पास के जंगल में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। वन विभाग सिविल व सोयम के प्रभागीय वनाधिकारी पवन नेगी ने बताया कि मॉकड्रिल, भविष्य में वनाग्नि की घटनाओं से निपटने की तैयारी के रूप में की गई है, ताकि विभागीय कर्मचारी समय पर घटनास्थल तक पहुंचकर आग पर काबू पा सकें और नुकसान को कम किया जा सके।

मॉकड्रिल के माध्यम से लोगों को वनाग्नि के प्रति जागरूक भी किया गया।

केदारनाथ यात्रा

रुद्रप्रयाग जिले में आगामी केदारनाथ धाम यात्रा को सुगम सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने अगस्त्यमुनि से गौरीकुंड तक राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई स्थानों पर अत्यधिक गड्ढे पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को 20 फरवरी तक गड्ढों को दुरस्त करने के दिए निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने ब्यूंग गाड़ में निर्माणाधीन पुल के कार्यों को हर हाल में 28 मार्च तक पूरा करने को कहा। साथ ही रामपुर स्लाइड जोन सहित सभी भूस्खलन क्षेत्रों में सुधार कार्य 15 अप्रैल तक पूरा करने के निर्देश दिए गए। डोलिया देवी स्लाइड जोन में ग्रामीणों की आवाजाही में समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी ने सड़क किनारे पत्थर की रेलिंग बनाने और तलसारी मोटर मार्ग पर गिरे मलबे को जल्द हटाने के निर्देश दिए।